# सिविल सर्विसेज ऑफिसर को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची

## दिनांक 05.07.2019 को आयोजित कार्यकारिणी बैठक की कार्यवाही

आज दिनांक 05.07.2019 को श्री डी0के0 पाण्डेय, अध्यक्ष की अध्यक्षता में सिविल सर्विसेज ऑफिसर को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, धुर्वा, रांची की कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित हुए :–

1. श्री डी0के0 पाण्डेय – अध्यक्ष
2. श्री बी0बी0 प्रधान – उपाध्यक्ष
3. श्री ए0के0 रस्तोगी – सचिव
4. श्री आर0एल0 बक्सी – कोषाध्यक्ष
5. श्री दिनेश कुमार – सदस्य
6. श्री आर0पी0 सिंह – सदस्य
7. श्री ए0सी0 रंजन –
8. श्री महेन्द्र प्रसाद –

प्रस्ताव संख्या–1 निम्नलिखित सदस्यों ने मनोनीत व्यक्तियों के नाम बदलवाने एवं दर्ज कराने का आवेदन समर्पित है :–

(क) श्री पी0एस0 नटराजन–सदस्य संख्या–90–इन्होनें पूर्व में अपने घोषण पत्र में अपनी पत्नी श्रीमती रूपा नटराजन का नाम मनोनीत किया है। अब वह एक नाम श्रीमती बीना शर्मा, पत्नी श्री सुशील चौधरी (करीबी रिस्तेदार) का नाम दर्ज करना चाहते हैं।

*आवेदक से पूछा जाय जाय कि जिसका नाम मनोनीत करना है। क्या वे समिति के* सदस्यता *नियमों के आहर्ता रखते है या नही ?*

(ख) श्री ए0सी0 रंजन, सदस्य संख्या–42– इन्होनें पूर्व घोषणा पत्र में अपनी पत्नी श्रीमती शशीप्रभा रंजन का नाम मनोनीत किया है। अब अपने पोते मास्टर ऋषी चन्द्र रंजन (माईनर) द्वितीय पुत्र श्री राजेश चन्द्र रंजन एवं कनिष्ठ पुत्र श्री वीकी चन्द्र रंजन का नाम दर्ज करना चाहते है।

*इस विषय पर विचार विमर्श करते हुए यह पाया गया कि आवेदक के पुत्र एवं उनके पुत्र जो कि Blood relation में हैं । इसलिए इसकी सदस्यता की आहर्ता*

SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

TREASURER
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

President
CSO CO-OP HSG Society Ltd.



Scanned with CamScanner

उपविधि कंडिका–4 के अनुसार होती है। अतः आवेदन को स्वीकार किया जाय एवं मनोनीत व्यक्तियों का नाम दर्ज कर लिया जाय।

(ग) श्री पी0एस0 चीमा, सदस्य संख्या–108–इन्होनें अपना प्लॉट संख्या–72 को श्री हंसराज सिंह, भा0प्र0से0 जिनकी सदस्यता द्वितीय चरण में सदस्य संख्या–134 है, को हस्तान्तरित करने की इच्छा है।

दोनों आवेदनों की समीक्षोपरान्त यह निर्णय लिया कि श्री पी0एस0चीमा, सदस्य संख्या–108 सोसाईटी में नही बने रहना चाहते हैं एवं उन्हें आवंटित प्लॉट श्री हंसराज सिंह को हस्तान्तरित करना चाहते है। श्री सिंह की सदस्यता संख्या–134 है। वे हस्तान्तरण की सभी शर्त पूरी करते है। अतः श्री पी0एस0 चीमा को आवंटित प्लॉट संख्या–72 श्री हंसराज सिंह को आवंटित किया जाय।

(घ) श्री राजीव जैन–सदस्य संख्या–104– इनको प्लॉट संख्या 8 आवंटित की गयी थी एवं निबंधन हो चूका है परन्तु इनके प्लॉट का कुछ हिस्सा विवादित होने के कारण पुर्नसीमांकन किया गया था जिसके वारे में जानकारी चाहतें है।

सोसाईटी की चाहरदिवारी निर्माण के समय पाया गया कि भूमि रेखांकन में पूर्व में कुछ कमियॉ है। जिसे दूर किया गया है। नई नापी के अनुसार चाहरदिवारी का कार्य प्रगति पर है। भूमि में किसी प्रकार का विवाद नहीं है। चाहरदिवारी समाप्त होने के पश्चात प्लॉटों को realignment को कम में plots में minor changes हो सकते है। अतः वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जाय।

प्रस्ताव संख्या–2 भुगतान पर निर्णय–सोसाईटी की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल बनाने हेतु मे0 Equus Estate Pvt Ltd से कुल–5,39,44,859/–रू0 में अनुबंध किया गया था। जिसमें कुल–5.2 कि0मी0 लम्बी दिवार 8 फीट उॅची तथा दो फीट Concertina wire finishing हेतु निविदा स्वीकृत की गयी थी जिसका कार्यादेश 27.02.2018 को दिया गया था। मार्च 2018 में रू0 50.00 लाख में संवेदक को Mobilization Advance के रूप में अग्रिम दिया गयां संवेदक द्वारा कुल–1700 गढढे खोदे हैं जिसमें 337 supporting Pillar खड़ा कर दिया तथा 147 पीलर तक ईट की जोड़ाई कर दी है। वर्तमान में संवेदक ने कुल–53,15,758/–रू0 (10% of total contract value Rs. 51,22, 768/- + re-survey Rs. 80,000+Additional expenditure 1,12,990/-) राशि की मांग की है। जिस पर निर्णय अपेक्षित है।

SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

TREASURER
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

President
CSO CO-OP HSG Society Ltd.



Scanned with CamScanner

*विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच समय–समय पर कराई जाय। संवेदक को पूर्व में दिये गये 50.00 लाख में से प्रत्येक बिल से 10 प्रतिशत राशि समायोजित किया जाय। अंतिम विपत्र में अवशेष पूर्ण राशि यदि लंबित हो तो उसका समायोजन किया जाय। फिलहाल 25.00 लाख का भुगतान कर दिया जाय। गुणवत्ता की जांच के बाद शेष विपत्र की राशि का भुगतान किया जाय।*

**प्रस्ताव संख्या–3 विकास शुल्क**–प्रथम विकास शुल्क रूपये एक लाख वर्ष 2016 में मांगा गया था परन्तु अब तक लगभग 45 सदस्यों ने राशि नहीं जमा की है। इसके अतिरिक्त द्वितीय विकास शुल्क 1.50 लाख की मांग की गयी थी जिसमें मांत्र 23 सदस्यों ने राशि जमा की है।

*चाहरदिवारी के निर्माण के लिए लगभग 5.39 करोड़ रूपये का भुगतान करना है परन्तु सोसाईटी के पास इतनी राशि उपलब्ध नहीं है । इसलिए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सदस्यों को वर्तमान निर्माण कार्यों का विवरण देते हुए बकाया राशि की मांग हेतु 15 अगस्त, 2019 तक का अंतिम समय दिया जाय। साथ ही सदस्य के पास बकाया राशि की पूर्ण सूची तैयार की जाय एवं प्रत्येक सदस्य का वर्तमान पोस्टल पता एवं contact Number प्राप्त किया जाय ताकि सम्पर्क करने में सुविधा हो।*

**प्रस्ताव संख्या–4 अंकेक्षण**– वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 का अंकेक्षण करना लंबित है।

*इस विषय पर विचार विमर्श करते हुए यह पाया गया कि तत्काल अंकेक्षण कराया जाय एवं आय–व्यय का खर्चा आगामी वार्षिक आम सभा में प्रस्तुत की जाय।*

**प्रस्ताव संख्या–5 वार्षिक बृद्धि**–सोसाईटी के लेखापाल श्री एस0डी0 प्रधान को हर साल माह अगस्त से रूपये 500/–की बृद्धि की जाती है । वर्तमान में 15500/– मिल रहा है। वार्षिक वृद्धि का अनुमोदन की आवश्यकता है।

*इस विषय पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति 500 रूपया की वार्षिक बृद्धि 1 अगस्त, 2019 से दी जाय।*

SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

TREASURER
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

President
CSO CO-OP HSG Society Ltd.



Scanned with CamScanner

<u>प्रस्ताव संख्या–6 सोसाईटी की वित्तीय स्थिति</u> – कोषाध्यक्ष ने सोसाईटी की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्नप्रकार दिया है :–

| Sl. No. | Account No. (FD) | Principal Amount | Maturity dated | Matured value | Interest |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 31423514744 | 4698603 | 11-10-2019 | 5702704 | 403801 |
| 2. | 36076176298 | 5977694 | 08-01-2020 | 6540929 | 563235 |
| 3. | 36918473027 | 7935823 | 23-11-2019 | 8285714 | 349891 |
| 4. | 31423542397 | 3555389 | 10-11-2019 | 3799652 | 244263 |
| 5. | 36314410802 | 1718990 | 25-04-2019 | 1871096 | 152106 |
| | **Total=** | **23886499** | | **26200095** | **1713296** |

उपरोक्त के अतिरिक्त बचत खाता में निम्न राशि जमा है :–

1. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, हटिया –10328125/–रू0
2. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, हटिया –261753/–रू0 (फेज–2)
3. रांची खूटी को–आपरेटिव बैंक – 63681/–रू0

वर्तमान में सोसाईटी की आर्थिक स्थिति संतोषजनक ~~नहीं~~ है परन्तु भावी खर्च को ध्यान में रखते हुए अपर्याप्त है। जिसके लिए सदस्यों से द्वितीय विकास शुल्क दिनांक 15.08.2019 तक जमा करने हेतु अंतिम मौका दिया जाय।

8. **प्रस्ताव संख्या–7** नई कार्यकारिणी का चुनाव प्रस्ताव

*इस विषय पर चर्चा करते हुए श्री डी0के0 पाण्डेय, अध्यक्ष एवं श्री बी0बी0 प्रधान, उपाध्यक्ष ने इच्छा व्यक्त कि वे सेवा निवृत हो चुके है । इसलिए कार्य कारिणी सदस्य के रूप में किसी सेवा में कार्यरत अधिकारी को मनोनीत किया जाय। परन्तु इस विषय पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका।*

| | | |
|---|---|---|
| (आर0एल0 बक्शी) | (ए0के0 रस्तोगी) | (डी0के0 पाण्डेय) |
| कोषाध्यक्ष | सचिव, | अध्यक्ष |
| TREASURER | SECRETARY | President |
| CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD. | CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD. | CSO CO-OP HSG Society Ltd. |

************************



Scanned with CamScanner